Title : Introduction of protection of women from Domestic Violence Bill, 2005.

PROTECTION OF WOMEN FROM DOMESTIC

VIOLENCE BILL, 2005

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now, we will take up Item No. 18 − Protection of Women from Domestic Violence Bill, 2005.

मान्व संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती कान्ति सिंह) : महोद्य, मैं प्रस्ताव करती हूं -

> "कि ऐसी महिलाओं के, जो कुटुंब के भीतर होने वाली किसी किस्म की हिंसा से पीड़ित हैं, संविधान के अधीन प्रत्याभूत अधिकारों के अधिक प्रभावी संरक्षण और उससे संबंधित या उसके आनुांगिक व्ियों का उपबंध करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए।"

महोद्य, मैं इस बिल के इंट्रोडक्शन के बारे में कुछ कहना चाहती हूं।

उपाध्यक्ष महोद्य : आप चाहें, तो कह सकती हैं।

श्रीमती कान्ति सिंह : महोद्य, मैं आपका धन्यवाद प्रकट करती हूं। घरेलू हिसों से महिलाओं पर हो रहे अत्याचार पर संरक्षण विधेयक, 2005 । आज इस देश में उन लाखों महिलाओं के लिए जो घरेलू हिंसा से जूझ रही हैं, उन महिलाओं के लिए, जहां पर लिंग भेद हिंसा, घरेलू हिंसा, दहेज संबंधी हिसा, यौन उत्पीड़न इत्यादि पूरे देश में विस्तृत रूप से फैला हुआ है, इन सब का कारण यह है कि हमारे समाज में आज भी महिलाओं के प्रति हीन दृटिकोण बना हुआ है। यह किसी जाति, धर्म या समुदाय तक ही सीमित नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग में फैला हुआ है।

<u>17.32 hrs.</u> (Shri Arjun Sethi <u>in the Chair</u>)

घरेलू हिंसा मान्वाधिकार हनन का एक रूप है और विकास में एक बड़ी बाधा है। वियना में व्र् 1994 में और बीजिंग में व्र् 1995 में इस बात का समर्थन किया गया और यहां तक कि संयुक्त राट्र ने भी इस बात का समर्थन किया कि सारे सदस्य राट्रों को महिलाओं के प्रति होने वाली हिंसा को रोकने के लिए कड़े नियम बनाने चाहिए। कई देशों ने इस हिंसा को रोकने के लिए कानून भी बनाए हैं। इनमें प्रमुख हैं, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, यू.एस., यहां तक कि विकासशील देश जैसे कि साउथ अफ्रीका और मलेशिया ने भी इसका समर्थन किया है। महिलाओं के प्रति होने वाली हिंसा में घरेलू हिंसा अत्यंत निंदनीय है, क्योंकि यह उत्पीड़न करने वाले कोई और नहीं,उनके अपने परिवार के सदस्य होते हैं। सामाजिक और पारिवारिक दबाव में आकर महिलाएं इस उत्पीड़न के विरूद्ध आवाज नहीं उठाती हैं, इसलिए उसका संरक्षण करना अत्यंत ही कठिन हो जाता है। महिलाओं के पास आर्थिक संशाधन उपलब्ध न होने की वजह से

घरेलू हिसां की संभावनाएं बढ़ जाती हैं और कई बार सहायता पीड़ित तक नहीं पहुंच पाती है। महोद्य, इस देश में कहा जाता है, " यत्र पूज्यंते नारी, रमन्ते तत्र देवता" , लेकिन यह सिर्फ कहने की बात है, हम महिलाओं को देवी बनाकर के और उनको पूजा का रूप देकर, उनका तरह-तरह से शोाण करते हैं, चाहे वह दहेज के नाते हो या फिर कहीं कहा जाता है कि पत्नी सही खाना नहीं बना रही है, नमक ज्यादा डाल देती हैं या फिर उनके परिवार के द्वारा उन्हें हमेशा से प्रताड़ित किया जाता रहा है। कहा गया है " जा तन में झांई पड़े अंधा होत भुजंग, तनकी गाती को क्या कहिए, जो नित नारी के संग।" आप समझ सकते हैं कि पितृ सत्तात्मक समाज में नारी की स्थिति भ्रमात्क है। नारी समझ ही नहीं पाती है कि वह कहां पर खड़ी है? रवीन्द्र नाथ जी ने कहा है, " पवित्र नारी सृटि की सर्वश्रेठ कृति है, सृटि के वात्सल्य, स्नेह, ममत्व की अमृतधारा नारी, ह्रदय से निकलकर इस संसार को अमृत दान कर रही है।" किंतु यही नारी जो सब को अमृत और अमरत्व देती है, महादेवी जी के शब्दों में, चाहे हिंदू नारी की गौरवगाथा से आकाश गूंज रहा हो, चाहे उसके पतन से पाताल कांप उठा हो, किंतु उसके लिए न सावन हरे, न भादौं सूखे की कहावत चरितार्थ होती रही है। उसे अपने हिमालय को लज्जा देने वाले उत्कर्ा तथा समुद्र तल की गहराई से स्पर्धा करने वाले अपकर्ा, दोनों का ही इतिहास उसे आसुंओं से ही लिखना पड़ा।

संभव है कि भवि्य में लिखना पड़े । यही सच्चाई है जो भारतीय नारी की व्यथा को दर्शाती है। इस बिल को लाने का यही मकसद है। जो महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहे हैं, उन अत्याचारों को इंडियन पीनल कोड की धारा 498 के तहत दायर किया जाता है। लाखों महिलाएं इन अत्याचारों से प्रताड़ित हो रही है। तब जाकर उनको कहीं न्याय मिलता है। यही वजह है कि हम लोग उन महिलाओं को राहत पहुंचाने के लिए व्यापक रूप से यह विधेयक लाए हैं।

हमारी सरकार महिलाओं को घरेलू हिंसा से संरक्षण प्रदान करने के लिए इस विधेयक को अधिनियमित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उसका उल्लेख हमारे राट्रीय न्यूनतम साझा कार्यक्रम के ` महिला एवं बच्चे ` नामक खंड में भी किया गया है। हमारे यूपीए सरकार का नेतृत्व डॉ. मनमोहन सिंह जी और सोनिया गांधी जी कर रही हैं। इन लोगों के नेतृत्व में हमें विधेयक लाने का मौका मिला जिससे हम महिलाओं को समाज में राहत दे सकेंगे।

हमारे संविधान में तथा हमारे देश द्वारा अंगीकृत किए गए अन्तर्राट्रीय दस्तावेजों में महिलाओं को वास्तविक न्याय की गारंटी दी गई है तथा घरेलू हिंसा से संबंधित कानून इस प्रकार की गारंटी अन्तर्निहित भावना का कानून के रूप में ढालने के प्रयासों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होगा। ऐसा कानून परिवार में किसी भी प्रकार की हिंसा की स्थिति में महिलाओं को त्वरित राहत प्रदान करने के लिए जरूरी है। ऐसे प्रावधान दंड विधि में मौजूद नहीं हैं और इसलिए इस विधेयक का महत्व और बढ़ जाता है।

जैसा कि माननीय सदस्य जानते हैं कि ` घरेलू हिस्सा से संरक्षण विधेयक, 2002` 13वीं लोक सभा में 8 मार्च, 2002 को पेश किया गया था। विभाग से संबंधित मान् व संसाधन विकास पर संसदीय स्थायी समिति ने विधेयक की जांच की और अपनी रिपोर्ट दी। विधेयक 13वीं लोकसभा भंग हो जाने के कारण व्यपगत हो गया।

महिला एवं बाल विकास विभाग को घरेलू हिंसा से संरक्षण विधेयक, 2002 की पुनः जांच करने के लिए कई अभ्यावेदन प्राप्त हुए। इसलिए, विभाग ने विधायी मामलों में विशेाज्ञ महिला अधिकार संगठनों, संबंधित मंत्रालयों एवं विभागों, राट्रीय तथा राज्य महिला आयोगों के साथ परामर्श कर उपरोक्त विधेयक के प्रावधानों की पुनः जांच की। इन परामर्शों के आधार पर सरकार ने अब एक व्यापक विधेयक पेश किया है। इस विधेयक की मुख्य विशेाताएं इस प्रकार हैं :-

इस विधेयक के अन्तर्गत उन महिलाओं को लाने का प्रयास किया गया है जिन का दुर्व्यवहार करने वाले व्यक्ति से कोई संबंध है अथवा रहा है और ऐसे मामलों को भी इस विधेयक के अन्तर्गत लाने का प्रयास किया गया है जिन में दुर्वयवहार करने वाला व्यक्ति तथा पीड़ित महिला, दोनों पक्षों के बीच समरक्तता, विवाह तथा दत्तक ग्रहण पर आधारित कोई रिश्ता है तथा जो एक ही परिवार में एक साथ रह चुके हैं। इसके अतिरिक्त, संयुक्त परिवार के रूप में एक साथ रहने वाले परिजनों के साथ संबंधों को भी इस विधेयक में शामिल किया गया है। यहां तक कि बहनें, विधवाएं, माताएं, एकल महिलाएं तथा दुर्व्यवहार करने वाले व्यक्तियों के साथ रहने वाली महिलाएं भी प्रस्तावित विधान के अन्तर्गत कानूनी संरक्षण प्राप्त करने की हकदार हैं। तथापि, जहां एक ओर इस विधेयक के अन्तर्गत पत्नी और विवाह की प्रकृति के

संबंध में रह रही महिला अपने पति तथा पुरुा साथी के किसी भी रिश्तेदार के खिलाफ शिकायत दर्ज कर सकती है, वहीं यह विधेयक पति और पुरुा साथी के महिला रिश्तेदारों को पत्नी अथवा महिला साथी के खिलाफ शिकायत दर्ज करने का अधिकार नहीं देता है।

इस विधेयक में घरेलू हिंसा की परिभाा में वास्तविक दुर्व्यवहार अथवा शारीरिक, यौन, शाब्दिक, भावनात्मक अथवा आर्थिक दुर्व्यवहार के खतरे को शामिल किया गया है। महिला अथवा उसके संबंधियों से दहेज की गैर-कानूनी मांग करके किए जाने वाले उत्पीड़न को भी इस परिभाा में शामिल किया गया है। â€¦ (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Thawar Chandji, please.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Nothing will go on record.

(Interruptions) â€¦*

श्रीमती कान्ति सिंह : इस विधेयक में महिला के आवास के अधिकार के संरक्षण का प्रयास किया गया है। इसमें महिला के ससुराल अथवा संयुक्त परिवार में रहने के अधिकार का उपबंध भी किया गया है, चाहे ऐसे घर अथवा परिवार पर महिला का स्वामित्व या अधिकार हो अथवा नहीं, दण्डाधिकारी द्वारा पारित किए जाने वाले निवास आदेश के द्वारा इस अधिकार को संरक्षण किया जाएगा। इस विधेयक में दुर्व्यहार करने वाले व्यक्ति को घरेलू हिंसा या अन्य किसी विनिर्दिट कार्य में सहायता करने अथवा ऐसे कोई अन्य कार्य करने, कार्य स्थल अथवा ऐसे किसी अन्य स्थान, जहां सामान्यतः पीड़ित महिला का आना-जाना हो, में प्रवेश करने, पीड़ित महिला से बात करने का प्रयास करने, दोनों पक्षों द्वारा प्रयुक्त की जा रही परिसम्पत्तियों पर केवल अपना अधिकार स्थापित करने तथा पीड़ित महिला या घरेलू हिंसा के मामले में उसकी सहायता करने वाले उसके संबंधियों या अन्य किसी व्यक्ति के साथ हिंसा कराने से रोकने के लिए दण्डाधिकारी को पीड़ित महिला के पक्ष में संरक्षण आदेश पारित करने का अधिकार दिया गया है। इस विधेयक में पीड़ित महिलाओं को उनकी चिकित्सा, जांच कानूनी सहायता, सुरक्षित आश्रय प्राप्त करने के संबंध में सहायता प्रदान करने हेतु सेवा प्रदाताओं के रूप में संरक्षण अधिकारियों की नियुक्ति तथा गैर-सरकारी संगठनों के पंजीकरणों का उपबंध किया गया है।

मैं आशा करती हूं कि इस विधेयक, जिस पर इसके निरूपण के समय व्यापक चर्चा हुई तथा इसमें संसदीय स्थायी समिति की सिफारिशें शामिल हैं, इस सदन में हमें माननीय सदस्यों का एकमत समर्थन मिलेगा।

---

* Not Recorded.

श्रीमती सुमित्रा महाजन (इन्दौर) : माननीय सभापति जी, आपने मुझे बोलने का मौका दिया इसके लिए आपको धन्यवाद देती हूं। मैं यह कहूंगी कि बहुत दिनों से एक प्रकार से इस बिल की राह देखी जा रही थी। बीजिंग में जब महिला अधिकारों पर बातचीत हुई, उसमें अलग-अलग प्रकार से महिलाओं के अधिकार सुरक्षित रखने के लिए कुछ अकॉर्ड हुआ था, डिक्लेरेशन हुआ था। उसमें एक कमेटी भी बनी थी, हम सीडॉ के सदस्य हैं, जिसमें कन्वेन्शन महिलाओं के लिए था "एलिमिनेशन ऑफ ऑल सार्ट्स ऑफ डिस्क्रिमीनेशन अगेंस्ट वूमेन", इसके अन्तर्गत तब से तय था कि एक ऐसा कानून लाया जाए या बनाया जाए जिसमें महिलाओं के ऊपर जो घरेलू हिंसा होती है, कहीं न कहीं सिविल लॉ से हम उसका सॉल्यूशन निकाल सकें। वैसे तो आईपीसी के अन्तर्गत या सीआरपीसी के अन्तर्गत सूट दायर किए जा सकते हैं और इसके लिए आईपीसी की धारा 498(ए) वगैरह भी है। लेकिन कई बार यह होता है कि महिलाएं यह नहीं चाहती हैं कि हम न्यायालय में जाएं और अपने पति को जेल में ही भिजवाएं। वे यह नहीं चाहती हैं लेकिन सोल्यूशन जरूर चाहती हैं। यह जरूर चाहती हैं कि अन्याय से छुटकारा तो मिले, न्याय तो मिले। इसलिए एक ऐसे सिविल लॉ की आवश्यकता है।â€¦ (व्यवधान)

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव (झंझारपुर) : जेल भेजने लायक व्यवहार होगा तो जेल भी भेजा जाएगाâ€¦ (व्यवधान)

सभापति महोदय : देवेन्द्र प्रसाद जी, आप सुनिए।

...(व्यवधान)

श्रीमती सुमित्रा महाजन : आप बात तो सुनिए, जो कानून है वह कानून तो है ही, जेल में भी डालना आवश्यक हो तो उसमें भी धैर्य तो दिखाना ही पड़ेगा। â€¦ (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Nothing will go on record except the speech of Shrimati Sumitra Mahajan.

(Interruptions) â€¦*

सभापति महोदय : आपकी तरफ से सदस्या बोल रही हैं।

...(व्यवधान)

श्रीमती सुमित्रा महाजन : माननीय सभापति जी मेरी समझ में एक बात नहीं आती कि हम लोग किसी पुरुष के खिलाफ हैं, ऐसा नहीं है। इसलिए उत्तेजित होने की आवश्यकता नहीं है। मैं एक बात और कहना चाहती हूं।â€¦ (व्यवधान)

* Not Recorded.

संसदीय कार्य मंत्री तथा शहरी विकास मंत्री (श्री गुलाम नबी आज़ाद) : इन्हें अभी कहने दीजिए क्योंकि बिल के बाद तो नहीं कह पाएंगे।

श्रीमती सुमित्रा महाजन : बिल के बाद की बात नहीं है। यहां जैसे उत्तेजना हो रही है जबकि यह विधेयक किसी के खिलाफ नहीं है। वास्तविक रूप से हम महिला को अधिकार देकर सशक्त बनाना चाहते हैं। इसके लिए मैं आपको एक उदाहरण देना चाहती हूं, अगर स्त्री सशक्त बनती है तो पूरे परिवार को सशक्त बनाती है।

श्री तथागत सत्पथी (ढेंकानाल) : यह जरूरी है।â€¦ (व्यवधान)

श्रीमती सुमित्रा महाजन : यह बहुत जरूरी है। आप इस उदाहरण को देखिये। मैं आपको बताती हूं कि जब पति, पत्नी या स्त्री, पुरुष मंदिर जाते हैं तो माथा टेकने के बाद मंदिर का पुजारी हाथ पर प्रसाद रखता है। यह मेरा अनुभव है, आप अपने अनुभव को टटोलिये। पुजारी जब हाथ पर प्रसाद रखता है तो पुरुष साधारणत्या प्रसाद मुंह में डाल लेता है। लेकिन जो स्त्री होती है, चाहे वह अनपढ़ हो, सुशिक्षित हो या गांव की महिला हो, यदि वह ग्रामीण महिला है तो वह अपने पल्लू में प्रसाद बांध लेती है। यदि वह शहरी महिला है तो अपने पर्स में रुमाल या कागज ढूंढेगी, लेकिन वह उस प्रसाद को बांधकर अपने घर ले जायेगी, ताकि वह उस प्रसाद को अपने परिवार में सबको थोड़ा-थोड़ा दे दे। यह साइक्लोजी है।â€¦ (व्यवधान)

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव : गांव की महिला तो खाना भी सबके बाद में खाती है।

श्रीमती सुमित्रा महाजन : यह बिल्कुल सही बात है, वह सबको खिलाने के बाद खाना खाती है और कई बार उसे इसके लिए कम्पैल भी किया जाता है कि सबको खिलाने के बाद ही वह स्वयं खाये, इसका भी विरोध होना चाहिए। मैं कहना चाहती हूं कि अगर स्त्री को सशक्त बनाया जाता है तो एक प्रकार से यह मानवाधिकार की बात है। जब हम पूरे परिवार की चर्चा करते हैं तो हम देखते हैं कि उसमें स्त्री ही केन्द्र बिन्दु है। स्त्री के आसपास ही सारा परिवार घूमता है। चाहे वह मां के रूप में हो, चाहे वह बहन के रूप में हो और चाहे वह पत्नी के रूप में हो। लेकिन घर में उसकी जो परिस्थिति रहती है, वह सदैव अच्छी नहीं होती। मैं यहां बैठकर दो-चार महिलाओं की बात नहीं कर रही हूं। मैं पूरे हिन्दुस्तान की बात भी नहीं कर रही हूं। मैं विदेशों में घूमी हूं और बहुत से ऐसे देश हैं जो तकनीकी प्रगति के मामले में बहुत आगे बढ़ गये हैं, लेकिन वहां की महिलाओं की स्थिति बहुत अच्छी है, ऐसी बात नहीं है। इसलिए हम देखते हैं कि परिवारों में एक पितृसत्तात्मक पद्धति चल रही है। लेकिन यह क्यों हो रहा है, यह नहीं होना चाहिए। कई बार ऐसा लगता है कि हम वर्ष 1947 में आजाद हुए और हम अपने देश को प्रजातंत्रात्मक तरीके से चला रहे हैं। लेकिन हमने अपने घर के प्रजातंत्र को सुदृढ़ करने की दृष्टि से कभी नहीं सोचा। इस बारे में भी सोचना बहुत आवश्यक है। इसलिए जो बिल लाया गया है कि महिलाओं के ऊपर घरों में जो अत्याचार होते हैं, उन अत्याचारों के खिलाफ जो आवाज उसे उठानी चाहिए, वह आवाज खुद नहीं उठाती है। हम कई बार देखते हैं कि महिला पैसा कमाकर लाती है। यदि वह मजदूरी करके पैसा कमाकर लाती है तो वह यह सोचकर आठ दिन की मजदूरी का पैसा घर में लाती है कि इससे वह अपने लड़के और लड़की की फीस जमा कर देगी और थोड़ा अनाज घर ले जायेगी। मुझे कहना नहीं चाहिए कि पुरुष को मजदूरी मिलने के बाद उसके कदम दूसरी तरफ जायेंगे और वह झूमता हुआ वापस आयेगा। लेकिन स्त्री अपनी मजदूरी अपने घर ले जायेगी। वह अपने पूरे परिवार के बारे में सोचती है। लेकिन जब पुरुष झूमता हुआ घर आता है तो स्त्री के साथ मारपीट करके आधी मजदूरी छीनकर ले जाता है। यह चीज हमें बहुत से घरों में देखने को मिलती है। महिला बहुत से कष्ट सहकर भी अपने परिवार को ऊपर उठाना चाहती है। लेकिन उसके लिए जो हमारी सोच है, उसके अनुसार मैं कहूंगी कि घरेलू अत्याचार उसके खिलाफ गर्भ से ही शुरू होता है। चूंकि हम उसके जन्म को ही नकार रहे हैं। यदि लड़की जन्म भी ले लेती है तो किरण जी आपके राजस्थान में कहा जाता है - पत्थर आ गया या पत्थर को जन्म दिया है या चोर आ गया। जैसे वह डाका डालकर दहेज के रुप में घर की सम्पत्ति ले जायेगी। इसके अलावा कोई कहता है कि अंधेरा छा गया। मुझे इस बारे में कही गई कविता की दो लाइन सुनकर बहुत आश्चर्य हुआ - "बाहर बिछा दो खटिया, जच्चा के हो गई बिटिया" यानी जच्चा और बच्चा दोनों की खटिया बाहर कर दो। इस मानसिकता से हम घर में बेटी को जन्म देते हैं।

यह भी कहते हैं कि स्त्री पराया धन है। महिला सोचती है कि आखिर मैं कौन हूं, किस तरह से मेरे बारे में बात हो रही है? हमारे यहां कहा गया है कि - यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता, अर्थात् जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता वास करते हैं। नारी को पूजनीय कहा गया है। मैं नारी हूं, लेकिन बेटी, बहू और माँ प्यारी भी हूं, फिर भी मेरी स्थिति क्या है? पिता कहे पराया धन है, ससुराल में कहाँ अपनापन है? क्या ससुराल में अपनापन मिलता है? बेटा भी सुख न दे पाता - बेटे से भी सहारे की कोई गारंटी नहीं है। आजकल वृद्धाश्रमों की मांग बढ़ रही है। मैं जब महिला और बाल विकास मंत्री थी तो मैं कहती थी कि मुझे यह वृद्धाश्रम वाली बात अच्छी नहीं लगती। हमने स्वाधार योजना बनाई थी लेकिन आज उनकी मांग बढ़ रही है और कई सामाजिक संस्थाएं उसके लिए आगे आ रही हैं। बेटा भी सुख न दे पाता, हर कोई मुझे बोझ कहलाता। बचपन से सुना कि बोझ हूं और इसलिए अब ऐसा जाना है मैंने कि नारी होना एक गुनाह है - मन में यह भाव आने लगा कि नारी होना एक गुनाह है। अभिशाप मेरे जीवन का सहना और बस सहना है।

इस प्रकार की नारी की स्थित है और इसलिए घर में जो हिंसा होती है, इस हिंसा से उसको निजात दिलाने की बहुत आवश्यकता थी। जैसे अभी कहा गया, हमारी माननीय अटल जी के नेतृत्व वाली सरकार में भी बिल तैयार किया गया था और स्टैंडिंग कमेटी को भेजा गया था। आप उसमें थोड़ा बहुत संशोधन करके लाए, मैं उस पर भी बात करूंगी। घरेलू हिंसा से महिलाओं को प्रोटैक्ट करने के संदर्भ में यह बिल यहां प्रस्तुत हुआ है। इस बिल में जो बातें अच्छी हैं, वे भी मैं कहूंगी। कुछ बातें जो हमें सोचनी चाहिए, जैसे मैंने कहा कि यह सिविल लॉ के रूप में हम लाए हैं, उसमें एक बहुत अच्छी बात है कि डोमैस्टिक वायलैंस की जो कल्पना की है, उसमें केवल मारपीट को ही नहीं रखा है, बल्कि मानसिक प्रताड़ना को भी रखा गया है। हम लोगों के यहां जिन अलग अलग प्रकार से स्त्री की प्रताड़ना होती है उस पर भी यह विधेयक बात करता है। अगर हम देखें कि महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों की संख्या 66 प्रतिशत है तो कुल अपराधों का 36 प्रतिशत केवल घरेलू हिंसा है। इसलिए इस बिल का महत्व और बढ़ जाता है। इस घरेलू हिंसा में अत्याचार करने वाला कोई बाहरी व्यक्ति नहीं होता, वह कहीं न कहीं घर में होता है। आजकल तो ऐसा होने लगा है कि पिता भी बेटी पर अत्याचार करता है। घर में बेटी के रूप में या बहन के रूप में महिलाओं को जो अत्याचार सहन करना पड़ता है, उसमें वह सोचती है कि इस अत्याचार के खिलाफ जाऊं तो कहां जाऊं। हर समय यह नहीं होता कि किसी आईपीसी की धारा के अंतर्गत कोर्ट में जाऊं। इसलिए यह जो प्रोटैक्शन ऑफिसर दिया गया है, यह प्रोटैक्शन ऑफिसर रखना बहुत अच्छी बात है। आपने बताया है कि उसकी ड्यूटीज़ क्या क्या रहेंगी। प्रोटैक्शन ऑफिसर के साथ साथ आपने सर्विस प्रोवाइडर की बात कही है। यह वास्तविकता है कि पहले ऐसी संस्थाओं का काम घरों में होता था। घरों में बड़े-बुज़ुर्ग रहते थे और एकत्र कुटुम्ब पद्धति थी। सब बातें घर में ही सुलझ जाया करती थीं। अब कहीं न कहीं हमारे कुटुम्ब छोटे होते जा रहे हैं और इसलिए ऐसी संस्थाएं सर्विस प्रोवाइडर के रूप में बड़े-बुज़ुर्गों का काम करती हैं तो बहुत अच्छी बात है, लेकिन नियम बनाते समय एक बात ध्यान में रखें कि सर्विस प्रोवाइडर और प्रोटैक्शन ऑफिसर के कामों में ओवरलैपिंग न हो जाए। दोनों को एक ही काम न सौंप दिया जाए। आपने बहुत अच्छी बात कही है कि अगर प्रोटेक्शन आफिसर को लगता है कि किसी के साथ अन्याय होने वाला है तो वह सुओ-मोटो एक्शन ले सकता है या अत्याचार होने की संभावना है तो वह जा कर कंप्लेंट लिखवा सकता है या लिखवाने में मदद कर सकता है। इससे प्रोटेक्शन आफिसर पर कोई आंच नहीं आएगी। प्रोटेक्शन आफिसर के लिए यह मेंडेटरी होना चाहिए। सबसे बड़ी समस्या महिलाओं के लिए तब होती है जब

कोई आदमी आधी रात को घर से बाहर निकाल देता है। कई बार रात को मार-पीट कर बाहर निकाल देता है तो वह कहां जाएगी, इसलिए वह मार खा कर घर में ही दुख सहन करने को मजबूर होती है। घर के बाहर कदम निकालने पर महिला को वास्तव में इज्जत भी प्राप्त नहीं होती है। एक सामाजिक मानसिकता के आधार पर परित्यकता को देखने का दृटिकोण समाज का अलग होता है। कानूनी रूप से हम महिलाओं को न्याय दे रहे हैं, लेकिन सही मायनों में वह न्याय पाने से वंचित रहती है। जब तक यह दृटिकोण नहीं बदलेगा तब तक वह स्त्री अन्याय के खिलाफ घर के बाहर कदम नहीं रखना चाहेगी।

दूसरी बात यह है कि वह बाहर कदम रख कर कहां जाएगी, इसलिए प्रोटेक्शन आफिसर को कहा गया है कि वह शैल्टर होम को मेंडेटरी करें। महिला को रखना जैसी आपने जो बातें कही हैं, वे बहुत अच्छी हैं। पीड़ित महिलाओं के वहां पर कुछ दिन रहने की व्यवस्था करनी चाहिए। हमने कई योजनाएं बनाई थीं। जब मैं महिला बाल विकास मंत्री थी तो हमने इस प्रकार की कई योजनाएं जैसे स्वाधार बनाई थीं। इसी बात को ध्यान में रख कर योजनाओं को बनाया गया था और शैल्टर होम्स को मेंडेटरी किया जाए।

आपने महिलाओं के लिए मेडिकल सुविधा की बात भी बहुत अच्छी कही है। जो बातें आपने अच्छी कही हैं, उन्हें मुझे अच्छा कहना ही पड़ेगा। कई महिलाओं के साथ मार-पीट होती है तो ऐसे समय में मेडिकल की सुविधा भी महिलाओं को मिलनी चाहिए। महिलाओं को इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं होती है इसलिए प्रोटेक्शन अधिकारी को अधिकार दिया है कि वह मेडिकल को मेंडेटरी कर सकता है। इससे पीड़ित महिला को मेडिकल सुविधा देनी ही पड़ेगी। सर्विस प्रोवाइडिंग संस्थाएं हैं और प्रोटेक्शन आफिसर के बीच में आपस में ओवरलैपिंग न हो जाए, इस बात को ध्यान में रखने की जरूरत है।

एक बात यह भी बहुत महत्वपूर्ण है जो आपने इसमें कही है कि सैंसेटाइजेशन एंड अवेयरनैस ट्रेनिंग आफ दि पुलिस आलसो, अधिकारियों के साथ पुलिस का भी योगदान होना चाहिए क्योंकि आज कल जो देखने में आ रहा है जैसे आईजी, बिहार की कहानी छोटे पर्दे पर बहुत घिनौने तरीके से दिखाई गई है, उसका हमें विरोध करना चाहिए। ऐसा लगता है कि हमारा मीडिया भी एक प्रकार से पोर्नोग्राफी से कम नहीं दिखा रहा है। इसे दिखाने की आवश्यकता नहीं थी, लेकिन जिस तरह से उस आदिवासी महिला पर थाने से ले कर आईजी के आफिस तक अत्याचार हुए, उससे कहीं न कहीं ऐसा लगता है कि हमारी संवेदनशीलता कम होती जा रही है। सैंसेटाइजेशन और अवेयरनैस के कैंप्स लगाने की बात कही है, यह भी बहुत अच्छी बात है और इसे भी मेंडेटरी करना चाहिए। मैं इसे आवश्यक समझती हूं क्योंकि यह बातें आखिर में राज्य सरकारों पर छोड़ी जाएंगी, इसलिए इसे मेंडेटरी करना आवश्यक है।

एक बात मैं जरूर कहना चाहूंगी कि न्याय दिलाने के लिए प्रोविजंस तो बहुत अच्छे हैं, जैसा आपने कहा कि 15 दिन के अंदर न्यायालय द्वारा दखल होना चाहिए और पहली सुनवाई के 60 दिनों के अंदर पीड़ित महिला को न्याय मिलना चाहिए। अगर हम ऐसा कुछ इसमें लिखते हैं तो आज की तारीख में देखना पड़ेगा कि कोर्ट्स की क्या स्थिति है, कोर्ट्स के पास कितना काम है और क्या यह संभव हो सकेगा कि न्यायाधीश इस अवधि में उपलब्ध रहे कि पीड़ित को 60 दिनों में न्याय मिल रहा है या नहीं। आज हमारे सामने कितने ही दहेज के केस हैं या और फैमिली केस हैं, लेकिन सभी जगह कोर्ट्स उपलब्ध नहीं हैं। लेकिन जहां कोर्ट्स हैं भी, वहां न्याय प्राप्त करने में सालों साल लग जाते हैं, इसलिए विशेष न्यायालयों की व्यवस्था करनी पड़ेगी। इसमें आपने जो प्रोटैक्शन ऑफीसर की बात कही है, उसे फिर स्टेट गवर्नमेंट पर छोड़ने की बात की जाएगी। â€¦ (व्यवधान)

18.00 hrs.

MR. CHAIRMAN : Madam, just a minute. It is now six o' clock. We have to extend the time of the House.

SHRI GHULAM NABI AZAD: Mr. Chairman, Sir, we are discussing a very important Bill. Let our sisters not misunderstand us that when there are other important issues, we extend the time of the House and today when we are discussing an important Bill, which is directly related to women, nobody is interested. We are interested in this discussion. My submission is that we can continue the discussion on this Bill up to seven o' clock.

MR. CHAIRMAN: Is it the sense of the House to extend the time of the House by another hour?

SEVERAL HON. MEMBERS: Yes.

MR. CHAIRMAN: So, the time of the House is extended up to 7 p.m. At 7 p.m., we will be taking up 'Zero Hour'.

Madam, can you conclude your speech in another five minutes?

श्रीमती किरण माहेश्वरी (उदयपुर) : सभापति जी, यह बहुत महत्वपूर्ण विधेयक है। इसलिए मेरा निवेदन है कि इस पर अब कल फिर चर्चा की जाए क्योंकि इस पर बहुत सी महिला सदस्य बोलना चाहती हैं।

श्रीमती सुमित्रा महाजन : सभापति जी, इस विधेयक पर आज सायंकाल 7.00 बजे तक चर्चा कराने से तो अच्छा है कि इस पर कल चर्चा की जाए।

MR. CHAIRMAN: Madam, there are five speakers from BJP and one hour is allotted to your Party. You have already taken 20 minutes. So, I am giving you another five minutes. Please conclude your speech in another five minutes.

श्रीमती सुमित्रा महाजन : सभापति जी, मैं प्रयास करूंगी कि अपना भाषण पांच मिनट में समाप्त कर दूं। â€¦ (व्यवधान)

श्री ब्रज किशोर त्रिपाठी (पुरी) : सभापति जी, माननीय सुमित्रा जी, बहुत महत्वपूर्ण बिन्दुओं की ओर सदन का ध्यान दिला रही हैं। इसलिए मेरा आग्रह है कि इन्हें मेरा समय भी दे दीजिए।

सभापति महोदय : त्रिपाठी जी, आपका अपना कोई टाइम नहीं होता है। आपकी पार्टी का टाइम होता है।

श्रीमती सुमित्रा महाजन : सभापति जी, मैं प्रोटैक्शन आफीसर की बात कह रही थी। इसे आपने स्टेट गवर्नमेंट पर छोड़ा है। ठीक बात है, क्योंकि हर जिले में प्रोटैक्शन ऑफीसर होगा। इसीलिए इसे स्टेट गवर्नमेंट पर छोड़ा है। मेरा सुझाव है कि प्रोटैक्शन ऑफीसर कोई सीनियर रैंक का अधिकारी होना चाहिए। यह भी ध्यान रखने वाली बात है कि डावरी के केस में आपने प्रोटैक्शन ऑफीसर डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट और कलैक्टर को बनाया है और इसका भी आप कलैक्टर को ही प्रोटैक्शन ऑफीसर बनाना चाहते हैं। प्रायः देखा गया है कि जिले में हर चीज का अध्यक्ष कलैक्टर होता है। एक जिले में इतने काम होते हैं कि कोई भी कलैक्टर चाहकर भी हर

चीज के लिए उतना सम्य नहीं निकाल पाता जितना जरूरी होता है। कलैक्टर स्वयं अपने आप में एक कोर्ट भी है। वहां रैवेन्यू केसों की सुनवाई भी होती है। मैं किसी पर आरोप नहीं लगाना चाहती हूं, लेकिन मैंने देखा है और महसूस किया है कि कलैक्टर चाहते हुए भी उतना सम्य नहीं दे पाते। इस चीज को भी रूल्स बनाते सम्य ध्यान में रखना आवश्यक है। यह बात मैं इसलिए कह रही हूं कि महिला आयोग को बनाने का जब विधेयक हमने यहां से पारित किया, उसके बाद जब उसके रूल्स बनाए गए, तो उसका कुछ दूसरा ही चित्र उभरकर आया। जैसा हमने यहां से पारित किया, रूल्स बनाने के बाद उसका वैसा स्वरूप नहीं बना।

सभापति जी, इसलिए मेरा आग्रह है कि यदि डी.एम. अथवा कलैक्टर को अगर आप प्रोटैक्शन आफीसर बनाते हैं, तो उनके पास इतना सम्य भी होना चाहिए ताकि वे ऐसे केसेस को सम्य दे सकें, क्योंकि जब यह विधेयक पारित हो जाएगा, तो जिलों में इतने केसेस आएंगे कि आपको कोर्ट सिविल कोर्ट की तरह केसेस सुनने पड़ेंगे। प्रोटैक्शन ऑफीसर्स को ऐसी शक्तियां भी देनी चाहिए कि यदि वह किसी शैल्टर होम या मैडीकल ऑफीसर को आदेश दे, तो वे उसका पालन करें। इसमें आपने कुछ ऐसी मैंडेटरी चीजें की हैं, उनके अनुसार वे काम कर सकें; इस बात का भी आपको ध्यान रखना आवश्यक है।

सभापति जी, मैं दो-तीन छोटी-छोटी बातें कहना आवश्यक समझती हूं। बन्द कमरे में आपने इसकी सुनवाई रखी है। यह बात भी ठीक है और मजिस्ट्रेट पुलिस को डायरैक्शन दे सकता है, यह भी ठीक है। इसके बाद एक महत्वपूर्ण बात इसमें आपने और की है, जिसकी मैं प्रशंसा करती हूं। अभी तक तो यह होता था कि महिलाओं के लिए अन्य केसेस में मैंटिनेंस का प्रावधान था। Maintenance includes residence, यह कहा जाता था।

Residence, food, clothing and all these things, लेकिन यहां आपने अलग से मैट्रीमोनियल होम में रहने का जो अधिकार दिया है, यह भी एक बहुत अच्छी बात उसमें की है और उसके अन्तर्गत भी जो आपने कहा कि वह रेंट आउट नहीं कर सकता वगैरह, जो कई प्रावधान दिये हैं, यह भी अपने आपमें बहुत महत्वपूर्ण है। प्रोटैक्शन आफिसर को भी एक प्रकार से आपने, अगर वह ठीक काम नहीं करे तो कहीं न कहीं उसके ऊपर भी एक्शन का प्रावधान किया है। एक और बात, महिलाओं का मानसिक शोाण हमेशा होता है, जब केस चलता है - मैंने अनुभव किया है - तो बच्चों की कस्टडी को लेकर साइक्लोजिकली शोाण होता है कि हम बच्चों को नहीं देंगे, मैं एक वकील भी हूं, फिर वह महिला बेचारी गिड़गिड़ाती रहती है, बच्चों के लिए लड़ाई लड़ती रहती है, क्योंकि आखिर में वह मां है। लेकिन यहां जो आपने एक प्रकार से दिया है कि मजिस्ट्रेट को यह अधिकार है कि वह तुरन्त बच्चों की कस्टडी उस महिला को ही दे, यह एक प्रकार से वहीं का वहीं जो अधिकार तुरन्त दिया गया है, उससे भी कहीं न कहीं उस महिला को थोड़ी सी राहत मिलेगी।

आखिर में मैं 2-3 बातें और कहूंगी, क्योंकि बाकी भी हमारी महिलाएं और पाइण्ट्स रखेंगी। में उसमें कुछ बातें, जो ध्यान देने लायक हैं, आवश्यक हैं, वह भी कहूंगी, अच्छी बातें तो करीब-करीब सब मैंने कीं, वह बात ठीक कही। लेकिन एक बात हमें सोचनी है। पहली बात तो यह है कि महिलाओं के काम का कहीं भी आर्थिक मूल्यांकन नहीं होता। महिलाओं का क्यों शोाण होता है, क्यों अत्याचार होता है, क्यों उसको हेय दृटि से देखा जाता है, जबकि वह सब प्रकार से 73 परसेंट काम करती है। लेकिन अगर देखा जाये तो जमीन-जायदाद में, खेती की जमीन में एक परसेंट अधिकार उसको है, एक परसेंट आज उसके नाम पर है या मकान के मामले में भी देखा जाये तो तीन या चार परसेंट मकान में अधिकार अभी हिन्दू सक्सेशन एक्ट में कुछ अधिकार हमने दे दिया है, लेकिन वह भी सभी महिलाओं को नहीं मिला है। गुलाम नबी आजाद जी, अभी आपकी महिलाओं को अधिकार नहीं मिले हैं, इसलिए मेरा कहना है कि महिलाओं के कार्य का कहीं न कहीं आर्थिक रूप से इवैल्यूएशन जो होना चाहिए, वह नहीं होता है, हम खुद भी नहीं करते हैं।

मैं थोड़ा सा सम्य और लूंगी, एक छोटी सी बात याद आ गई। एक लड़के को एक बार स्कूल में कहा गया कि घर जाकर कल लिखकर लाना कि आपकी मां क्या करती है। पहले तो बच्चा कहेगा कि मेरी मां क्या करती है कुछ नहीं तो टीचर ने कहा कि घर जाकर फिर लिखकर लाना। वह बच्चा दिन भर मां के पीछे-पीछे घूमता रहा। पहले उसने लिखा कि मां कपड़े धोती है, फिर लिखा - मां बरतन मांजती है, फिर लिखा - मां बाजार भी करती है। फिर वहीं कहीं देखा कि कहीं चोट लगी तो उसने लिखा कि मेरी मां डॉक्टर जैसा काम भी करती है, पट्टी भी बांधती है, अनेकानेक बातें वह लिखता चला गया। शाम हो गई तो पापा घर आ गये और उसने कहा कि मुझे तो आज लिखना है कि मेरी मां क्या करती है, यह भरकर देना है। एक ही लाइन में पति ने जवाब दिया कि कुछ नहीं, डैश मार दे, कुछ नहीं करती, घर में ही तो रहती है। मां क्या करती है - कुछ नहीं करती है। यह बात स्वयं यदि किसी महिला से, जो घर में काम करती है, अगर वह सर्विस नहीं करती, उससे पूछो तो वह भी कहेगी, मैं क्या करती हूं, कुछ नहीं करती।

यह भी हमने कहा था, जब जेंडर बजटिंग की बात हमने कही तो मैंने कहा कि इसे भी एक सर्वेक्षण में लेना चाहिए, आर्थिक इवेल्यूएशन उसके काम का भी होना चाहिए। अब थोड़ी सी बात शुरू हो गई, लेकिन यह सब होने के बाद भी एक बात है। जो मैंने निकालने की कोशिश की थी, लेकिन आपने फिर से वह बात जोड़ दी है। रिलेशन की जो बात आपने इसमें की है और रिलेशन में आपने कहा है कि लिविंग टूगैदर और उसमें पत्नी के अलावा जो महिला है, थोड़ा सावधानी रखना कि कहीं ऐसा तो नहीं कि हमारी मान्यताओं को हम कहीं न कहीं उस पर कुठाराघात तो नहीं कर रहे हैं, उसे भी अधिकार रहेगा और इसलिए आपने डोमेस्टिक रिलेशनशिप की जो व्याख्या की है और उस व्याख्या में यह कहा है: 'relationship in the nature of marriage, living together' यह जो कल्पना है, ठीक है, उसे भी न्याय मिलना चाहिए। मैं यह भी नहीं कहूंगी, सब पुरुा लोग माफ करना, कई बार पुरुा वर्ग शोाण करता है। मजबूरी में कोई महिला ऐसी बातों पर उतारू हो जाती है, यह भी कई बार होता है। वह खुद नहीं चाहती है कि एक्स्ट्रा मैरीटल अफेयर्स मेरे किसी के साथ हों, नहीं होता है, मगर कई बार मजबूरी में हो सकता है। उसको भी न्याय मिलना चाहिए। मैं यह तो नहीं कहती हूं कि नहीं मिले महिला तो महिला है लेकिन एक महिला ही महिला का दर्द समझ सकती है। जैसा उसमें कहा गया है कि ऐसी महिला को भी हाउस होल्ड शेयर में स्थान मिलेगा। उसको भी आईपीसी की धारा 123 के अंतर्गत मैनटेनन्स का अधिकार होगा, वह मैनेटेनन्स मांग सकेगी। यह सब करते सम्य हमें ध्यान में रखना होगा कि शादीशुदा पत्नी के अधिकारों पर कुठाराघात न हो या उसके अधिकारों में कोई विभाजन न हो। हम एक महिला को अत्याचार से मुक्ति देते सम्य किसी दूसरी महिला पर तो अत्याचार नहीं कर रहे हैं। इन चीजों का भी इसमें ध्यान रखना होगा। इसलिए जब मैंने इस बिल को बनाया था तो मैंने उस सम्य इस चीज को नकार दिया था कि इस रिलेशन को ध्यान में नहीं रखना चाहिए। लेकिन आपने उसी चीज को ध्यान में रखा है। Add किया है मैं इसका विरोध तो नहीं करूंगी, लेकिन इस बारे में आपको सावधान अवश्य करना चाहूंगी कि इन चीजों पर अवश्य ध्यान दें, मजिस्ट्रेट की कमी पर ध्यान दें, प्रोटेक्शन आफिसर के बारे में ध्यान दें। इस क्षेत्र में जो एनजीओज़ अपनी सर्विसिज़ देंगी, उसके साथ-साथ जो घर के बुजुर्ग लोग हैं, उनका रोल जैसा पहले होता था, घर को ठीक रखने का, वह भी रहना चाहिए। After all, it is a civil remedy. सभी बुजुर्ग लोग तो अपराधी नहीं होते हैं।

मेरे मन में एक बात आयी है कि जब हम घरेलू हिंसा की बात करते हैं, तब एक बहुत बड़ा चंक जो घर में काम करने वाली लड़कियां का है। उन पर जो अत्याचार होता है। अकेले मुम्बई में चार लाख ऐसे घरेलू नौकर हैं, उसमें से 40 प्रतिशत 15 साल से कम उम्र की लड़कियां हैं। मैं यह नहीं कहूंगी कि सभी घर में काम करवाने वाले उन पर अत्याचार करते हैं। लेकिन घरेलू हिंसा की शिकार हो रही काम करने वाली लड़कियां पूरी की पूरी इस न्याय से अछूती रह रही हैं। आपने जो डोमेस्टिक रिलेशनशिप की बात कही है, उससे ये लड़कियां बिलकुल अछूती रह गई हैं। घरेलू हिंसा में इनके ऊपर भी अत्याचार होते हैं, घर में रहने वाली महिला के ऊपर तो हो ही रहे हैं और उन्हें तो आप सीविल प्रोटेक्शन भी दे रहे हैं। उन लड़कियों के लिए भी कहीं न कहीं सोच हमें रखनी होगी। अब यह कैसे रखनी और क्या रखनी है, मुझे विश्वास है कि महिला होने के नाते इस पर श्रीमती कांति सिंह जी सक्षमता से विचार करेंगी। आज घरेलू हिंसा से प्रोटेक्शन का जो बिल लाया गया है और उस पर जो सुझाव हमने दिए हैं, उस पर विस्तृत मानसिकता से परिवर्तन करने की दृटि से भी हमें सोचना होगा। गांव और शहरों में स्त्री अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होती हुई कैसे अपने परिवार को चला सकेगी। इन सब दृटिकोणों का ध्यान में रखकर महिलाओं को अधिकार देने की जो बात कही है, मैं उसका स्वागत करती हूं।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करती हूं।

SHRIMATI D. PURANDESWARI (BAPATLA): Thank you, Chairman, Sir. Today, I rise to take part in the discussion on the Bill which is being presented today in the House, namely, the Protection of Women from Domestic Violence. I would not be justified if I am to say that this is the most important social legislation which has been brought in, but I would definitely be if I am to say that this is one of the most important legislations which have been brought up since Independence. This is a positive stride towards protecting women against the steps taken to assault on the women's most basic fundamental right, that is, to lead a life of honour and dignity. Domestic violence today is a global phenomena, which is on the rise. A UNPF Survey has revealed that one out of every three women is subjected to some form of violence or the other.

Sir, it may be in USA, it may be in India, it may be in South Africa, it could be in Brazil, Peru or any other place; today, domestic violence cannot be seen in isolation. It cannot be subjected to or restricted to one region.

There are various forms of violence. Certain forms of violence like wife-beating, molestation and rape are considered universal forms of violence whereas certain forms of violence like *sati*, dowry harassment, dowry death, female foeticide, female infanticide, or, for that matter, even witch-hunting are perpetrated by certain cultural groups. The forms may vary in domestic violence but ultimately the purpose remains the same and that is to disempower women and maintain male dominance.

